उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/...369
Date: 27..05../2026

कोटेशन नोटिस

विषय : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी परिसर में स्थापित विभिन्न कक्षों हेतु नाम पट्टिकाओ (Name Plates) के निर्माण एवं स्थापना कार्य के लिए कोटेशन आमंत्रण सूचना :–

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के विभिन्न कक्षों हेतु नाम पट्टिकाओं (Name Plates) के निर्माण एवं स्थापना कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के निष्पादन हेतु इच्छुक एवं पात्र फर्मों / एजेंसियों / ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने कोटेशन में कार्य से संबंधित दरें, कर (यदि लागू हो) तथा अन्य आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए दिनांक 03 / 06 / 2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके ऊपर स्पष्ट रूप से " **विभिन्न कक्षों हेतु नाम पट्टिकाओं के निर्माण एवं स्थापना कार्य के लिए कोटेशन"** अंकित अनिवार्य होगा। कोटेशन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के अनुरक्षण विभाग में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि के भीतर जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

क्र0सं0	कार्य का विवरण	मात्रा / इकाई	दर प्रति नग (रू0में)	कुल धनराशि (रू0 में)
01	नाम पट्टी का निर्माण एवं स्थापना कार्य (Name Plates) हिन्दी एवं संस्कृत (संलग्नक –01,02)	01		

नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions) :–

1. नाम पट्टियों (Name Plates) के निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
2. नाम पट्टियों पर अंकित लेखन स्पष्ट, आकर्षक, त्रुटिरहित एवं स्थायी होना चाहिए।
3. दरें प्रस्तुत करने से पूर्व संबंधित फर्म को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर नमूना (Sample) प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा।
4. कोटेशन में प्रति नाम पट्टी की दर, सामग्री का प्रकार, आकार, डिजाइन, स्थापना शुल्क एवं लागू कर (GST आदि) पृथक–पृथक स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं।
5. सभी दरें अंतिम एवं स्थिर मानी जाएंगी। कार्य पूर्ण होने के वाद किसी प्रकार की दर वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. चयनित फर्म / एजेंसी को कार्यादेश प्राप्त होने के उपरांत निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति होने पर उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म / एजेंसी की होगी।
8. विश्वविद्यालय प्रशासन आवश्यकता अनुसार नाम पट्टियों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. भुगतान कार्य पूर्ण होने एवं संबंधित विभाग द्वारा कार्य संतोषजनक पाए जाने के उपरांत नियमानुसार किया जाएगा।
10. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
11. अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा बिना हस्ताक्षर / मोहर वाले कोटेशन निरस्त माने जाएंगे।

Teenpani Bypass,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/369

Date: 27/05 /2026

कोटेशन नोटिस

12. विश्वविद्यालय प्रशासन को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन स्वीकार / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
13. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार नैनीताल जनपद के अंतर्गत मान्य होगा।
14. फर्म का संगत कार्य में GST पंजीकरण अनिवार्य है । प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
15. क्रय समिति मार्केट सर्वे के आधार पर ही दरों का सत्यापन कर अंतिम निर्णय लेगी।
16. ठेकेदार कार्यस्थल पर अपने श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
17. दरें उपलब्ध करने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अनिवार्य है अतः कार्य के विवरण और स्थान के निरीक्षण एवं नमुना नाम पट्टिकाओं (Name Plates) लिए, इच्छुक सेवाप्रदाता कार्य दिवसों में अनुरक्षण अनुभाग से संपर्क करें
18. कार्य की गुणवत्ता विश्वविद्यालयध्अनुरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।

फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:..

- फर्म का नाम: ....(GST Number)...................................
- फर्म का पतारू ....
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): ....
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): ....
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): ....

अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति